सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **269**
20/03/2025

राज्यपाल ने विधि शाखा के गतिविधियों की जानकारी ली

पटना 20 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने राज्यपाल सचिवालय के विधि शाखा के क्रियाकलापों और कार्य प्रक्रियाओं की जानकारी ली तथा महत्वपूर्ण निदेश दिये।

इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी (न्यायिक) ने राज्यपाल के क्षेत्राधिकार में आनेवाले संवैधानिक, विधायी, न्यायिक, कानूनी एवं विश्वविद्यालय संबंधी तथा अन्य मामलों की विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल ने जन शिकायत संबंधी मामलों को शीघ्रता से निष्पादित करने का निदेश दिया।

बैठक में प्रधान सचिव डॉ० रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विधि शाखा से जुड़े पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....